ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, गुरूवार 12 नवम्बर 2026

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 3 अंक 190

पृष्ठ 4

धनतेरस-दिवाली पर 30% बढ़ी सोने की खरीदारी, देशभर में 52 टन सोने की बिक्री



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली। सोने की आसमान छूती कीमतों ने जिस बाजार की रफ्तार थाम दी थी, वहीं भाव में गिरावट आते ही रौनक लौट आई। सोने का भाव रिकॉर्ड 1.80 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम से घटकर 1.42 लाख रुपए पर आ गया। करीब 38 हजार रुपए यानी 21 प्रतिशत की गिरावट ने खरीदारों को फिर बाजार की ओर खींचा। इसका असर धनतेरस और दिवाली की खरीदारी में नजर आया। पिछले साल के मुकाबले इस बार सोने की खरीदारी 30 प्रतिशत बढ़ गई।

इस दौरान देशभर में करीब 52 टन सोना खरीदा गया, जिसका बाजार मूल्य लगभग 72 हजार करोड़ रुपए रहा। चांदी की चमक भी बढ़ी। इसकी खरीदारी में 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और कुल बिक्री 300 टन तक पहुंच गई। चांदी का कारोबार करीब 5,400 करोड़ रुपए का रहा।

कीमतों ने थामी थी बाजार की रफ्तार

इस वित्त वर्ष में सितंबर तक सोने की बिक्री की मात्रा पिछले साल की तुलना में करीब 50 प्रतिशत घट गई थी। ऊंची कीमतों, आयात शुल्क में बढ़ोतरी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से सोना नहीं खरीदने की अपील को इसकी प्रमुख वजह माना गया। कीमतें बढ़ने के कारण कई ग्राहकों ने खरीदारी टाल दी थी। अब भाव नीचे आने से वे फिर बाजार में लौटे हैं।

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के राष्ट्रीय सचिव सुरेंद्र मेहता के अनुसार, कीमतों में गिरावट के बाद ग्राहकों की खरीदारी बढ़ी है और यह सिलसिला अभी जारी है। शादी के सीजन की शुरुआत ने भी बाजार को सहारा दिया है।

हीरों की बिक्री में 250 फीसदी उछाल

सोने-चांदी के साथ ही हीरों के बाजार में भी जबरदस्त तेजी देखने को मिली। बेंगलुरु के ज्वेलरी ब्रांड सी कृष्णैया चेट्टी ज्वेलर्स के अनुसार, इस बार धनतेरस पर प्राकृतिक हीरों की बिक्री पिछले साल के मुकाबले 250 प्रतिशत अधिक रही। दिवाली के दौरान भी बिक्री में 47 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। कंपनी के मुताबिक, प्राकृतिक हीरों की बिक्री पिछले आठ वर्षों में दूसरी सबसे ऊंची रही। वहीं, लैब में तैयार किए जाने वाले हीरों का बाजार भी तेजी से विस्तार कर रहा है।

पत्नी को कैंसर, खुद भी बीमारी से जूझ रहा था


24 न्यूज अपडेट

कोलकाता। कैंसर से जूझ रहे एक व्यक्ति ने विदेश में नौकरी पर जाने से बचने के लिए ऐसा कदम उठाया कि कोलकाता एयरपोर्ट पर सात घंटे से अधिक समय तक अफरा-तफरी मची रही। उसने विमान के टॉयलेट के शीशे पर लिपस्टिक से 'प्लेन हाईजैक होगा' लिख दिया। धमकी मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं और विमान की उड़ान रोक दी गई। मामला बुधवार सुबह का है। एअर इंडिया की फ्लाइट AI 2772 कोलकाता से मुंबई जाने की तैयारी में थी। सुबह करीब 10:20 बजे केबिन क्रू ने टॉयलेट के शीशे पर लिखा धमकी भरा संदेश देखा। पायलट ने तत्काल एयर ट्रैफिक कंट्रोल को अलर्ट भेजा। विमान को आइसोलेशन बे में ले जाकर सभी यात्रियों को उतारा गया। सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे विमान की तलाशी ली और उसमें सवार 105 यात्रियों से पूछताछ की।

पत्नी को अकेला छोड़ने का नहीं कर पाया फैसला

पुलिस ने 56 वर्षीय पार्थ प्रतिम नंदी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने धमकी लिखने की बात स्वीकार की। पुलिस के अनुसार, उसे नौकरी के सिलसिले में पहले मुंबई और फिर अफ्रीका जाना था। वह खुद कैंसर से पीड़ित है और उसकी पत्नी भी इसी बीमारी से जूझ रही है। विमान में बैठने के बाद उसे पत्नी को अकेला छोड़कर विदेश जाने का ख्याल परेशान करने लगा। उसने फ्लाइट रुकवाने के लिए टॉयलेट में लिपस्टिक से हाईजैक का संदेश लिख दिया। उसे उम्मीद थी कि धमकी के कारण उड़ान रद्द हो जाएगी और वह पत्नी के पास लौट सकेगा। पूछताछ में उसने अपनी मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने की बात कही।

व्हाइट हाउस से 1.6 किमी दूर ताबड़तोड़ फायरिंग, पांच लोगों को लगी गोली



24 न्यूज अपडेट

वॉशिंगटन। अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन DC में व्हाइट हाउस के नजदीक गुरुवार को फायरिंग की घटना से हड़कंप मच गया। लोगान सर्कल इलाके में हुई गोलीबारी में पांच लोगों को गोली लगी है। घायलों की हालत को लेकर फिलहाल कोई जानकारी सामने नहीं आई है। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। पुलिस के मुताबिक, व्हाइट हाउस से करीब 1.6 किलोमीटर दूर लोगान सर्कल इलाके में कई स्थानों पर फायरिंग की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं। गोलीबारी के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोग जान बचाने के लिए दुकानों और घरों में छिपते नजर आए।

15वीं स्ट्रीट के आसपास जाने से बचने की सलाह

पुलिस ने लोगों को 15वीं स्ट्रीट के 1500 ब्लॉक के आसपास नहीं जाने की अपील की है। एहतियात के तौर पर आसपास के स्कूलों में लॉकडाउन लगा दिया गया। इलाके की सड़कें बंद कर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। घटनास्थल के आसपास फिटनेस सेंटर, चर्च और रिहायशी इमारतें हैं। कुछ दूरी पर होल फूड्स सुपरमार्केट भी स्थित है। न्यूज एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस (AP) के मुताबिक, पुलिस अधिकारियों ने फिलहाल घटना के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी है। गोलीबारी की सटीक जगह भी स्पष्ट नहीं हो पाई है।

पांच दिन पहले हथियारों के साथ पकड़ा गया था युवक

इस घटना से पांच दिन पहले व्हाइट हाउस के पास एक वेनेजुएलाई युवक को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया था। उसके पास से तीन बंदूकें और कई कारतूस बरामद हुए थे। पूछताछ में उसने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की हत्या करने की बात कही थी। हालांकि, फिलहाल इस गिरफ्तारी और गुरुवार की गोलीबारी के बीच किसी संबंध की पुष्टि नहीं हुई है।

किश्तवाड़ के जंगल में दो SPO के गोलियों से छलनी शव मिले, दोनों की सर्विस राइफलें गायब



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के मारवाह इलाके में बुधवार शाम लापता हुए पुलिस के दो विशेष पुलिस अधिकारियों (SPO) के शव जंगल में मिले हैं। दोनों की गोलियां मारकर हत्या किए जाने की आशंका है। शव गोलियों से छलनी हालत में मिले। मृतकों की पहचान रशपाल कुमार और बाबी चंद के रूप में हुई है। दोनों के पास मौजूद सर्विस हथियार भी गायब हैं। जानकारी के अनुसार, दोनों SPO आर्मी के साथ इलाके में तलाशी अभियान के लिए गए थे। इसी दौरान वे लापता हो गए। उनके लापता होने के समय जंगल में फायरिंग की आवाजें भी सुनाई दी थीं। दोनों के पास 60 राउंड वाली एक इंसास राइफल और 50 राउंड वाली एक .303 राइफल थी। शव मिलने के बाद दोनों हथियार गायब पाए गए। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां मामले की जांच में जुटी हैं।

लापता होने के दौरान बाधित हुआ एयरटेल नेटवर्क

दोनों SPO के लापता होने के दौरान मारवाह इलाके में एयरटेल की मोबाइल नेटवर्क सेवाएं भी बाधित होने की जानकारी सामने आई है। कंपनी ने इसी साल 10 मार्च को इस इलाके में पहली बार मोबाइल नेटवर्क सेवा शुरू की थी। नेटवर्क बाधित होने और दोनों जवानों के लापता होने के बीच किसी संबंध की फिलहाल पुष्टि नहीं हुई है।

एनवीडिया CEO जेन्सेन हुआंग के इस्तीफे का दावा, चीनी जासूस से रिश्तों को लेकर मचा विवाद



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली। दुनिया की प्रमुख AI चिप निर्माता कंपनी एनवीडिया के CEO जेन्सेन हुआंग को लेकर एक चौंकाने वाला दावा सामने आया है। उन पर चीन की खुफिया एजेंसी से जुड़ी महिला के साथ करीबी संबंध रखने के आरोप लगाए गए हैं। खबर में दावा किया गया है कि इस विवाद के बाद हुआंग ने पद से इस्तीफा दे दिया है और कंपनी की चीफ फाइनेंस ऑफिसर (CFO) एवं एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट कॉलिट केस को अंतरिम CEO की जिम्मेदारी सौंपी गई है। 29 अक्टूबर को प्रकाशित न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में हुआंग और एलिस नाम की महिला की मुलाकातों का जिक्र किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, सिंगापुर की डेटा सेंटर कंपनी मेगास्पीड की पूर्व अधिकारी एलिस चीन की खुफिया एजेंसी मिनिस्ट्री ऑफ स्टेट सिक्योरिटी (MSS) के लिए काम कर रही थीं। अमेरिकी अधिकारियों को संदेह था कि उन्हें हुआंग के करीब पहुंचकर एनवीडिया की आधुनिक AI चिप्स और कंपनी के कारोबार से जुड़ी जानकारी जुटाने के लिए तैयार किया गया था।

पत्नी से बेवफाई की बात स्वीकारने का दावा

रिपोर्ट सामने आने के दो दिन बाद, 1 नवंबर को हुआंग की ओर से कंपनी के कर्मचारियों को एक आंतरिक संदेश भेजे जाने की बात कही गई। इसमें उन्होंने अपनी पत्नी के प्रति वफादार नहीं रहने की बात स्वीकारते हुए अफसोस जताया। संदेश में उन्होंने लिखा कि उनके कदम से पत्नी और बच्चों को गहरा दुख पहुंचा है और वे इसके लिए शर्मिंदा हैं। हालांकि, संदेश में किसी महिला का नाम नहीं लिया गया।

महंगाई ने फिर बढ़ाई रफ्तार, 6.09% पर पहुंची खुदरा दर; RBI की सीमा पार, खाद्य महंगाई 8.94% हुई



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली। देश में खुदरा महंगाई ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। अक्टूबर में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 6.09 प्रतिशत पर पहुंच गई, जबकि सितंबर में यह 5.54 प्रतिशत थी। इस तरह एक महीने में 0.55 प्रतिशत अंक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। महंगाई दर भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) की 6 प्रतिशत की ऊपरी सीमा को भी पार कर गई है। खाने-पीने की वस्तुओं, खासकर प्याज, लहसुन, अदरक और डेयरी उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी इसका प्रमुख कारण रही। अक्टूबर में खाद्य महंगाई दर 8.94 प्रतिशत रही, जो सितंबर के 7.74 प्रतिशत से अधिक है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) में खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी करीब 40 प्रतिशत है। इसलिए इनके दाम बढ़ने का सीधा असर कुल महंगाई पर पड़ता है और घरेलू बजट प्रभावित होता है।

गांवों में महंगाई की मार ज्यादा

ग्रामीण क्षेत्रों में महंगाई दर सितंबर के 6.08 प्रतिशत से बढ़कर अक्टूबर में 6.63 प्रतिशत हो गई। वहीं शहरी महंगाई 4.88 प्रतिशत से बढ़कर 5.41 प्रतिशत पर पहुंच गई। ग्रामीण परिवारों के खर्च में खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी अधिक होने से राशन और सब्जियों के दाम बढ़ने का असर वहां ज्यादा दिखाई देता है। शहरों में किराया, शिक्षा, इलाज और परिवहन जैसे खर्च भी महंगाई के आकलन को प्रभावित करते हैं।

RBI के सामने ब्याज दरों को लेकर चुनौती

RBI का महंगाई लक्ष्य 4 प्रतिशत है, जबकि इसकी स्वीकार्य ऊपरी सीमा 6 प्रतिशत निर्धारित है। अक्टूबर में दर इस सीमा से ऊपर निकलने के बाद मौद्रिक नीति पर दबाव बढ़ सकता है। महंगाई लगातार ऊंची बनी रही तो ब्याज दरों को लेकर सख्त रुख अपनाने की संभावना पर चर्चा बढ़ सकती है। हालांकि, इसका फैसला महंगाई के रुझान और अन्य आर्थिक परिस्थितियों को देखकर होगा। ब्याज दरें बढ़ने पर होम लोन, कार लोन और दूसरे कर्ज की ईएमआई महंगी हो सकती है।

कच्चे तेल से राहत की उम्मीद

अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमतों में गिरावट से महंगाई के दबाव को कुछ राहत मिल सकती है। हालांकि, मध्य पूर्व में तनाव और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में जहाजों की आवाजाही को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव का असर परिवहन और अन्य वस्तुओं की लागत पर पड़ सकता है।



संपादकीय : जवाबदेही के बजाय

जिस समय दिल्ली सहित समूचा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र प्रदूषण से उपजे संकट में घिरा दिखता है, वैसे में कायदे से होना यह चाहिए था कि सरकार इस मसले को सर्वोच्च प्राथमिकता में रख कर इससे निपटने के उपाय करती। इसके अलावा, इस समस्या को किसी राजनीतिक दायरे में रखकर देखने के बजाय सभी दलों के साथ विचार कर प्रदूषण पर काबू पाने के रास्ते खोजती। मगर इसके उलट आई यह खबर परेशान करने वाली है कि गृह मामलों की संसदीय स्थायी समिति ने 17 नवंबर को होने वाली अपनी बैठक के संशोधित एजंडे से दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण और वायु गुणवत्ता के महत्वपूर्ण मुद्दे को हटा दिया है। जबकि संसदीय समिति ने पांच नवंबर को अपनी बैठक के एजेंडे में एक अहम मुद्दे के रूप में दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण और नियामक उपायों की चर्चा शामिल की थी। दिल्ली और आसपास के इलाके में वायु गुणवत्ता की हालत को देखते हुए स्वाभाविक ही विपक्ष ने संसदीय समिति के रुख पर कड़ी आपत्ति जताई और इस मुद्दे को फिर से बैठक के एवंडे में शामिल करने की मांग की। यह समझना मुश्किल है कि एक तरफ समूचे दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण एक गंभीर संकट के रूप में सार्वजनिक चर्चा और चिंता का विषय बन चुका है और दूसरी ओर, संसदीय समिति में प्रदूषण और वायु गुणवत्ता के सवाल को चर्चा तक से अलग क्यों हटाया जा रहा है। खासतौर पर दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक की स्थिति लगातार 'बहुत 'खराब' की श्रेणी में दर्ज की जा रही है। एक्यूआइ का स्तर कई इलाकों में चार सौ से भी ऊपर जाना यही बताता है कि यहां प्रदूषण पर काबू पाने के सारे उपाय या तो नाकाम हो गए हैं या फिर उन नियमों को लागू करने के मामले में घोर लापरवाही बरती गई है। डब्लूएचओ की सिफारिशों के मुताबिक, पीएम 2.5 का वार्षिक औसत स्तर प्रति घनमीटर सिर्फ पांच माइक्रोग्राम होना चाहिए। वहीं दिल्ली में पटाखे चलाने के मसले पर सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट दिशानिर्देशों का उल्लंघन हुआ और उस दिन यहां की हवा में सूक्ष्म प्रदूषण कण सीमा से चालीस गुना से ज्यादा पाए गए। सवाल है कि क्या सरकार इन्हीं मुद्दों पर चर्चा से बचना चाहती है। हैरानी की बात यह है कि वायु गुणवत्ता के मुद्दे को जहां संसदीय समिति की चर्चा से किनारे किया जा रहा है, वहीं ब्रिटेन के कैंब्रिज विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है कि अगर विश्व स्वास्थ्य संगठन के वायु गुणवत्ता दिशानिर्देशों का पालन किया जाए, तो हर साल नब्बे लाख से ज्यादा लोगों की जान बचाई जा सकती है। यानी देश अगर सूक्ष्म कणों या पीएम 2.5 के स्तर को डब्लूएचओ के मानकों तक कम कर लें, तो लाखों अकाल मौतों को रोका या टाला जा सकता है। वायु प्रदूषण पर काबू पाने के साथ ही गंभीर बीमारियों के नए मामलों को भी रोका जा सकता है। विचित्र यह है कि पिछले कई साल से ठंड की आहट के साथ दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक का स्तर खतरे की रेखा के भी ऊपर दर्ज किया जाता है। इससे निपटने के लिए सरकार बहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के साथ-साथ निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध जैसे कई कदमों की घोषणा तो करती है, लेकिन एक्यूआइ के स्तर में सुधार के मामले में शायद ही इसका असर पड़ता देखा गया है। ऐसे में अगर विपक्ष यह आरोप लगा रहा है कि गंभीर वायु प्रदूषण और सार्वजनिक स्वास्थ्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल नहीं है, तो वह बेवजह नहीं है।

युद्धविराम की राह

रुस और यूक्रेन के बीच करीब पांच साल से जारी बुद्ध को समाप्त कराने की एक और कूटनीतिक कोशिश शुरू हुई है। अमेरिका की मध्यस्थता में अबू धाबी में दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच त्रिपक्षीय वार्ता फिर से सुरक्षा आरंभ होना उम्मीद जगाता है। हालांकि, पहले दिन की बातचीत से ठोस नतीजे के संकेत नहीं मिले, मगर इतना जरूर है कि युद्ध के मैदान में उलझे देशों का बातचीत की मेज पर आना अहम है। जरूरत इस बात की है कि यह पहल महज कूटनीतिक औपचारिकता बनकर न रह जाए, बल्कि युद्ध समाप्त करने की दिशा में निर्णायक साबित हो । इस वार्ता में रूस की प्रमुख चिंता नाटो के विस्तार और यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी को लेकर है। यूक्रेन चाहता है कि युद्ध समाप्त होने के बाद उसे अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मिले, जिससे रूस भविष्य में हमला न कर सके। दूसरी ओर, रूस यूक्रेनी धरती पर पश्चिमी देशों की सैन्य मौजूदगी को के लिए खतरा मानता है। मगर किसी भी स्थायी शांति के लिए एक-दूसरे की सुरक्षा संबंधी आशंकाओं को समझना व व्यावहारिक समाधान तलाशना जरूरी है। इस पूरे घटनाक्रम में भारत की भूमिका और उसके सुझावों को भी गंभीरता से लेना चाहिए। भारत शुरू से ही युद्ध समाप्त करने और बातचीत के जरिए समाधान निकालने की वकालत करता रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बार-बार स्पष्ट किया है कि युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। भारत ने काला सागर में वाणिज्यिक जहाजों की आवाजाही, अनाज और ऊर्जा के नित में बाधाएं दूर करने तथा बुनियादी ढांचे पर हमले रोकने जैसे व्यावहारिक सुझाव दिए हैं। खाद्य गलियारों की संभावनाओं पर दोनों देशों से बातचीत भी इसी दिशा में खास पहल है। इस युद्ध की कीमत केवल रूस और यूक्रेन नहीं चुका रहे, बल्कि पूरी दुनिया खाद्य, ऊर्जा और उर्वरकों की आपूर्ति में व्यवधान तथा आर्थिक अस्थिरता के रूप में खमियाजा भुगत रही है इसलिए अबू धाबी में होने वाली बातचीत का लक्ष्य अस्थायी युद्धविराम नहीं, बल्कि टिकाऊ शांति होना चाहिए। दोनों पक्षों को गंभीरता से समझना होगा कि युद्ध समस्या का समाधान नहीं होता।

मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित, 18.34 लाख मतदाता दर्ज; युवाओं के नाम जोड़ने पर रहेगा जोर


24 न्यूज अपडेट



उदयपुर। भारत निर्वाचन आयोग के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 कार्यक्रम के तहत गुरुवार को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित किया गया। उदयपुर जिले में कुल 18 लाख 34 हजार 814 मतदाता दर्ज हैं। इनमें 9 लाख 44 हजार 444 पुरुष और 8 लाख 90 हजार 370 महिला मतदाता हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव अग्रवाल के निर्देशन में कलक्ट्रेट मिनी सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और मीडियाकर्मियों की बैठक हुई। इसमें उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 12 नवंबर से 11 दिसंबर 2026 तक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटवाने और संशोधन के लिए दावे-आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। प्राप्त आवेदनों का निस्तारण 28 दिसंबर तक होगा, जबकि अंतिम मतदाता सूची 4 जनवरी 2027 को प्रकाशित की जाएगी।

18 साल पूरे करने वाले युवाओं पर फोकस अभियान में 1 जनवरी 2027 तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने पर विशेष जोर रहेगा। नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6, नाम हटवाने के लिए फॉर्म-7 और विवरण में संशोधन के लिए फॉर्म-8 भरा जा सकता है। आवेदन ईसीआईनेट एप, वोटर पोर्टल या संबंधित बीएलओ के माध्यम से भी किए जा सकेंगे। प्रारूप मतदाता सूची राजनीतिक दलों को सॉफ्ट और हार्ड कॉपी में उपलब्ध कराई गई है। मतदाता निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर अपना नाम ऑनलाइन देख सकते हैं। बीएलओ के पास भी बूथवार सूची उपलब्ध रहेगी। बैठक में एडीएम सिटी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी जितेंद्र ओझा सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। एडीएम राठौड़ ने पात्र युवाओं के नाम जुड़वाने के लिए राजनीतिक दलों और मीडिया से सहयोग की अपील की।

फर्जी अदालती आदेशों से 129 बेटिंग वेबसाइट ब्लॉक, राजस्थान और इलाहाबाद हाईकोर्ट के नाम पर हुई जालसाजी



24 न्यूज अपडेट

जोधपुर। देश में फर्जी अदालती आदेशों के जरिए सरकारी तंत्र को गुमराह कर 129 ऑनलाइन बेटिंग वेबसाइट ब्लॉक कराने का मामला सामने आया है। जालसाजों ने राजस्थान हाईकोर्ट और इलाहाबाद हाईकोर्ट के नाम से दो फर्जी आदेश तैयार कर दूरसंचार विभाग को ईमेल किए। इन्हें वास्तविक मानते हुए विभाग ने इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स (आईएसपी) को कुल 129 वेबसाइट ब्लॉक करने के निर्देश जारी कर दिए। बाद में दोनों हाईकोर्ट के रिकॉर्ड की जांच में इन आदेशों का कोई उल्लेख नहीं मिला। राजस्थान हाईकोर्ट के नाम से तैयार आदेश 19 जुलाई की रात 8:59 बजे दूरसंचार विभाग को भेजा गया था। इसमें 24 घंटे के भीतर कार्रवाई करने को कहा गया था। आदेश पर 'आर्यन चौधरी' नाम के व्यक्ति के हस्ताक्षर थे, जिसे एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड बताया गया था। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि उसके सर्वर और आधिकारिक रजिस्ट्रेशन रिकॉर्ड में ऐसा कोई आदेश मौजूद नहीं है। इसके बावजूद दूरसंचार विभाग ने 21 जुलाई को इस आदेश के आधार पर 34 बेटिंग वेबसाइट ब्लॉक करने के निर्देश जारी कर दिए। हाईकोर्ट इस मामले में कानूनी कार्रवाई पर भी विचार कर रहा है।

फर्जी QR कोड से असली दिखाने की कोशिश

दूसरा फर्जी आदेश इलाहाबाद हाईकोर्ट के नाम से तैयार किया गया था। इसे 14 अगस्त का बताया गया और इस पर कोर्ट का लोगो, मुहर, राष्ट्रीय प्रतीक तथा जस्टिस गरिमा प्रसाद का नाम दर्ज था। आदेश में एक QR कोड भी लगाया गया था, ताकि उसकी प्रामाणिकता जांची जा सके। लेकिन कोड स्कैन करने पर हाईकोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट के बजाय एक सामान्य वेबपेज खुलता था, जिस पर केवल केस नंबर दर्ज था। 22 अगस्त को कार्तिकेय पांडे नाम के व्यक्ति ने यह आदेश सरकारी अधिकारियों को ईमेल किया। इसके बाद अधिकारियों के बीच पत्राचार हुआ और 2 सितंबर को दूरसंचार विभाग ने 95 बेटिंग वेबसाइट ब्लॉक करने के निर्देश जारी कर दिए। इलाहाबाद हाईकोर्ट प्रशासन ने जांच में आदेश को फर्जी पाया। इसके बाद 6 नवंबर को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस दस्तावेजों के अनुसार, अज्ञात लोगों के खिलाफ जालसाजी और धोखाधड़ी के आरोप में जांच शुरू की गई है।

अब उदयपुर में अवैध ठेलों पर चलेगा निगम का डंडा, लाइसेंसधारी भी नियम तोड़ने पर नहीं बचेंगे



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर के बाजारों, मुख्य सड़कों और चौराहों पर बढ़ते ठेलों के अतिक्रमण से बिगड़ रही यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए नगर निगम अब सख्ती करने जा रहा है। निगम बिना लाइसेंस संचालित ठेलों के साथ उन ठेला संचालकों के खिलाफ भी जब्ती की कार्रवाई करेगा, जिनके पास अनुज्ञा तो है, लेकिन वे निर्धारित स्थान के बजाय कहीं और ठेला लगा रहे हैं। निगम ने ऐसे संचालकों को कार्रवाई से पहले खुद ही अवैध ठेले हटाने की चेतावनी दी है।

सड़क पर ठेले, पैदल राहगीरों के लिए भी जगह नहीं

शहर के प्रमुख बाजारों और व्यस्त सड़कों पर बिना अनुमति ठेले लगाने का चलन लगातार बढ़ रहा है। कई जगह ठेला संचालक सड़क का बड़ा हिस्सा घेर लेते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है और दिनभर जाम के हालात बने रहते हैं। अतिक्रमण के कारण कई स्थानों पर पैदल चलने वालों के लिए भी रास्ता नहीं बचता। इससे स्थानीय निवासियों, व्यापारियों के साथ शहर में आने वाले पर्यटकों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। अनियंत्रित ठेलों के चलते पर्यटन नगरी की पहचान पर भी सवाल उठने लगे हैं और लोग इसे 'ठेला सिटी' कहने लगे हैं। दुकानों के आगे जगह किराए पर देने वालों पर भी नजर

महापौर पारस सिंघवी ने बताया कि शहर के कई बाजारों में दुकानदारों ने अपनी दुकानों के सामने की जगह किराए पर देकर ठेले लगवा रखे हैं। निगम इसे भी अवैध मानता है। ऐसे ठेलों को भी जब्त किया जाएगा। महापौर ने अधिकारियों को शहर के अलग-अलग इलाकों में अचानक जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभियान के दौरान किसी की सिफारिश नहीं मानी जाएगी।

रोजगार का विरोध नहीं, सार्वजनिक रास्तों पर कब्जा बर्दाश्त नहीं

सिंघवी ने कहा कि निगम किसी के रोजगार के खिलाफ नहीं है, लेकिन व्यवसाय के नाम पर सार्वजनिक सड़कों और फुटपाथों पर कब्जा कर आम लोगों का रास्ता रोकना स्वीकार नहीं किया जाएगा। ठेला लगाने के लिए निर्धारित नियमों और लाइसेंस की शर्तों का पालन करना जरूरी है। निगम ने ठेला संचालकों से अपील की है कि वे कार्रवाई का इंतजार करने के बजाय अपने अवैध ठेले खुद हटा लें।

पाडवा मे इन्द्र ध्वज महामण्डल विधान के दूसरे दिन किया श्रीजी अभिषेक



24 न्यूज अपडेट

पाडवा मे आचार्य श्रेय सागर महाराज ससंघ सानिध्य वर्षायोग समापन पर सकल बीसा नरसिंहपुरा दिगम्बर जैन समाज द्वारा आयोजित 5 दिवसिय इन्द्र ध्वज महामण्डल विधान के दूसरे दिन गुरुवार को प्रातः प्रतिष्ठाचार्य विनोद पगारिया विरल के तत्वावधान मे विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए

चातुर्मास समिति के अध्यक्ष हंसमुख विरदावत ने बताया कि इस अवसर पर गुरूवार को प्रातः प्रतिष्ठाचार्य पगारिया के मंत्रोच्चारण के साथ यशवन्त रतनलाल बामणिया परिवार द्वारा महावीर भगवान का अभिषेक कर विश्व शांति कामनार्थ शांतिधारा की गयी

इसके बाद इन्द्र इन्द्राणी समूह द्वारा देव शास्त्र गुरु पूजा की गयी साथ ही गणिनी आर्यिका श्रेयमती माताजी के मंत्रोच्चारण के साथ 12 गुणा 12 फीट के विशाल इन्द्र ध्वज विधान मण्डप पर 150 से अधिक ध्वजा के साथ अष्ट द्रव्य श्रीफल युक्त अर्घ चढाये गये

मनसुख प्यारचन्द विरदावत परिवार द्वारा आचार्य श्रेय सागर महाराज का पाद प्रक्षालन किया गया

विधान पूजन मे सभी श्रावक श्राविकाओ ने संगीत की स्वर लहरियों के साथ भक्ति नृत्य किया

इस अवसर पर धर्म सभा मे आचार्य श्रेय सागर महाराज ने भगवान की पूजा के विभिन्न प्रकार कौन कौन से होते है इस बारे मे उपस्थित श्रद्धालुओं को विस्तार से बताया रात्रि मे संगीत सम्राट विवेक पगारिया व हरजीत पार्टी द्वारा जिनेन्द्र भगवान की व आचार्य की आरती भक्ति भाव से सम्पन्न करायी



समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें -
desk24newsupdate@gmail.com
wathsapp : 8852073787

हिस्ट्रीशीटर विजय बाजिया को मारने के बाद मंदिर गए थे चारों आरोपी, वारदात वाले दिन ही खरीदी कुल्हाड़ी



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। करधनी थाना क्षेत्र के जगदंबा नगर में हिस्ट्रीशीटर विजय चौधरी उर्फ विजय बाजिया (25) की हत्या के मामले में पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने बुधवार रात विजय की फॉर्च्यूनर को कैम्पर गाड़ी से टक्कर मारकर रोका और फिर लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से हमला कर उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल कैम्पर भी जब्त कर ली है। डीसीपी वेस्ट प्रशांत किरण ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में अनीश गोल्या उर्फ जग्गू (21), कमलेश गोल्या उर्फ कमल उर्फ जोरू (23), युवराज चौधरी (23) और दिनेश चौधरी उर्फ दीनू (23) शामिल हैं। चारों जोबनेर क्षेत्र के रहने वाले हैं। गुरुवार सुबह सूचना मिलने पर पुलिस ने करधनी इलाके में तलाश कर चारों को गिरफ्तार किया।


पिता की हत्या का बदला लेने की रंजिश

पुलिस जांच के अनुसार करीब सात साल पहले 2019 में विजय बाजिया और उसके साथियों पर अनीश के पिता कैलाश गोल्या की हत्या का आरोप था। इसी घटना के बाद दोनों पक्षों में रंजिश चल रही थी। पुलिस का कहना है कि अनीश ने पिता की हत्या का बदला लेने के लिए तीन साथियों के साथ मिलकर साजिश रची और 7007 गैंग बनाई। वारदात वाले दिन आरोपियों ने कुल्हाड़ी खरीदी थी। विजय से बहस के बाद उसकी गाड़ी का पीछा कर कैम्पर से टक्कर मारी। गाड़ी रुकने पर विजय भागने लगा तो आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया।

बीटेक के बाद कॉर्पोरेट कंपनी में करता था नौकरी

पुलिस के मुताबिक मुख्य आरोपी अनीश ने जयपुर के निजी कॉलेज से बीटेक किया था और पांच महीने पहले तक एक कॉर्पोरेट कंपनी में नौकरी कर रहा था। वारदात के बाद चारों आरोपी करधनी इलाके में ही छिपे हुए थे। पुलिस ने घटनास्थल के वीडियो बनाने वाले व्यक्ति की भी सराहना की, जिसने छत से घटना रिकॉर्ड करने के साथ आरोपियों को रोकने का प्रयास किया। मृतक विजय जोबनेर थाने का हिस्ट्रीशीटर था और उसके खिलाफ जोबनेर, कालवाड़ व करधनी थानों में हत्या के दो मामलों सहित कुल 15 आपराधिक प्रकरण दर्ज थे। वह कालवाड़ क्षेत्र में किराए पर रहकर प्रॉपर्टी का कारोबार कर रहा था और खेजड़ावास ग्राम पंचायत से सरपंच का चुनाव लड़ने की तैयारी में था। मामले में पुलिस की आगे की जांच जारी है।

पढ़ाई के लिए लिया 45 लाख का कर्ज, नौकरी छूटी तो ज्वेलरी शोरूम लूटने पहुंचा



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। विदेश में आगे की पढ़ाई का सपना पूरा करने के लिए लिया गया एजुकेशन लोन, पर्सनल लोन और दोस्तों से उधार लिए रुपए चुकाने का दबाव एक युवक को अपराध की राह पर ले गया। जयपुर के वैशाली नगर स्थित सीरियस ज्वेलर्स में दिनदहाड़े करीब 37 लाख रुपए के गहने लूटने के मामले में पुलिस ने दिग्विजय सिंह (32) को गिरफ्तार किया है। हालांकि, लूटी गई ज्वेलरी अभी बरामद नहीं हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी करधनी क्षेत्र के देवी नगर का निवासी है। उसने बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई की थी और विदेश में आगे की शिक्षा के लिए करीब 30 लाख रुपए का एजुकेशन लोन लिया था। इसके अलावा लगभग 15 लाख रुपए का पर्सनल लोन और दोस्तों से भी उधार ले रखा था। वह पहले एक कॉर्पोरेट कंपनी में काम करता था और ओयो के लिए कॉन्ट्रैक्ट पर प्रॉपर्टी सर्च का काम कर रहा था। करीब छह महीने पहले नौकरी छूटने के बाद वह बेरोजगार था। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि कर्ज चुकाने के दबाव में उसने लूट की योजना बनाई। उसका पहले कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है। डीसीपी वेस्ट प्रशांत किरण के मुताबिक, 10 नवंबर को शोरूम की ज्वेलरी कंसल्टेंट अंजली कायथ ने वैशाली नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 10:15 बजे शोरूम खुलने के कुछ देर बाद करीब 10:30 बजे मास्क और पीली टोपी पहने एक युवक काला बैग लेकर अंदर आया। उसने बैग से चाकू निकालकर महिला कर्मचारी को धमकाया। सिक्योरिटी गार्ड महावीर प्रसाद गुप्ता को भी पकड़कर रोक दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए सोने-हीरे के आभूषण बैग में भर लिए। इसके बाद वह फरार हो गया। स्टॉक जांचने पर शोरूम से सात गले के हार और 31 अंगूठियां गायब मिलीं। इनकी कीमत करीब 37 लाख रुपए बताई गई। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर की सूचना से आरोपी की पहचान हुई। पुलिस को सूचना मिली थी कि वह लूटा गया माल बेचने के लिए दिल्ली गया है। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। पुलिस अब ज्वेलरी बरामद करने के प्रयास में जुटी है।

स्वराज नगर चाकूबाजी में छह आरोपी गिरफ्तार, पुरानी रंजिश में दो युवकों पर किया था चाकू से हमला



24 न्यूज अपडेट

100 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, रेलवे कॉलोनी की झाड़ियों में दबिश देकर पकड़े आरोपी

उदयपुर। अरावली की पहाड़ियों में दुर्गम इलाकों का फायदा उठाकर की जा रही गांजे की अवैध खेती का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। माण्डवा थाना क्षेत्र के खारा कुपिया गांव की पहाड़ियों में पुलिस की संयुक्त टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाकर गांजे के हरे पौधों की बड़ी खेप पकड़ी। मौके से उखाड़कर जब्त किए गए पौधों का वजन 779 किलो 790 ग्राम निकला। कार्रवाई के बाद इलाके में मादक पदार्थों की अवैध खेती को लेकर पुलिस की निगरानी और सख्त होने के संकेत हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय मुकुल शर्मा और कोटड़ा वृत्ताधिकारी डूंगर सिंह के सुपरविजन में माण्डवा, पानरवा, कोटड़ा और बेकरिया थानों की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने माण्डवा थाना सर्कल के मौजा खारा कुपिया स्थित पहाड़ी क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान पहाड़ी इलाके में गांजे के पौधे उगाए जाने का पता चला। पुलिस ने मौके पर ही पौधों को उखाड़कर जब्त कर लिया।

तीन आरोपियों के नाम पर अलग-अलग मुकदमे पुलिस ने इस मामले में तीन अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए हैं। प्रकरण संख्या 97/ 2026 में कनिया पुत्र उदा, 98/ 2026 में कपुरिया पुत्र उदा और 99/ 2026 में साहिबा पुत्र उदा निवासी खारा कुपिया को आरोपी बनाया गया है। तीनों मामलों में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/ 20 के तहत कार्रवाई की गई है। संयुक्त कार्रवाई में पानरवा थानाधिकारी साबिर खान, माण्डवा थानाधिकारी मूंगलाराम, कोटड़ा थाने के उप निरीक्षक वखतराम सहित चारों थानों की पुलिस टीम शामिल रही। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि गांजे की खेती कितने क्षेत्र में की जा रही थी और इसके पीछे अन्य लोग भी शामिल हैं या नहीं। तीनों प्रकरणों में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

मैट्रिमोनियल ऐप पर 200 महिलाओं को बनाया निशाना, शादी का झांसा देकर लाखों की ठगी करने वाला गिरफ्तार

24न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़। मैट्रिमोनियल ऐप पर अलग-अलग नामों से फर्जी आईडी बनाकर महिलाओं को शादी का झांसा देने और लाखों रुपए की ठगी करने के आरोप में सदर थाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी खुद को कुंवारा और बड़े होटल-कैफे का संचालक बताकर करीब 200 महिलाओं से संपर्क कर उन्हें प्रेमजाल में फंसाने का प्रयास कर चुका था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सद्दाम उर्फ शानु उर्फ शान पुत्र इकबाल हुसैन के रूप में हुई है। वह मध्यप्रदेश के नीमच स्थित भगवानपुरा, त्रिपुर्ति नगर का निवासी है और वर्तमान में कोटा की इंदिरा कॉलोनी, भीमगंज मंडी में रह रहा था। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

अवैध महुआ शराब के साथ दो व्यक्ति पकड़े, आबकारी एक्ट में मामला दर्ज

24 न्यूज अपडेट

पानरवा। पानरवा थाना पुलिस ने अवैध देशी हथकड़ महुआ शराब के परिवहन के आरोप में दो व्यक्तियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार खेराड़ निवासी श्रीनका पुत्र होमा के कब्जे से प्लास्टिक के जरिकेन में छह लीटर देशी हथकड़ महुआ शराब मिली। वहीं कुपड़ा निवासी रणछोड़ पुत्र भेरा के पास से पांच लीटर शराब बरामद की गई। दोनों के पास शराब के परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ राजस्थान आबकारी अधिनियम की धारा 16/ 54 में मामला दर्ज किया है। अनुसंधान एएसआई रमेशचंद और हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार कर रहे हैं।

पर्यटकों को परेशान कर कमीशन मांगने का आरोप, एक के खिलाफ मामला दर्ज

उदयपुर। पर्यटकों को परेशान कर कमीशन के लालच में गतिविधियां करने के आरोप में घंटाघर थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार बिच्छूघाटी स्थित केलवा हाउस निवासी 29 वर्षीय शाहनवाज खान पुत्र अयाज खान के खिलाफ राजस्थान पर्यटन व्यवसाय से संबंधित अधिनियम की धारा 13(1)(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस के रिकॉर्ड में घटना स्थल हेमराज जी अखाड़ा रोड बताया गया है। प्रकरण का अनुसंधान हेड कांस्टेबल सतपाल सिंह कर रहे हैं।

गणेश मंदिर के पास दो भाइयों पर हमला, चाकू लगने से छोटे भाई की मौत

24न्यूज अपडेट

उदयपुर। खेरवाड़ा थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश या विवाद के चलते दो भाइयों पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। लकोड़ा गांव स्थित गणेश मंदिर के पास बदमाशों ने मोटरसाइकिल सवार भाइयों का रास्ता रोककर लाठियों और चाकू से हमला कर दिया। हमले में 25 वर्षीय बंशीलाल की मौत हो गई, जबकि उसका बड़ा भाई राजेश कुमार किसी तरह जान बचाकर वहां से भाग निकला। पुलिस को दी रिपोर्ट में उपला थुरिया निवासी राजेश कुमार (30) ने बताया कि 10 नवंबर की शाम करीब छह बजे वह अपने छोटे भाई बंशीलाल के साथ मोटरसाइकिल से जुतरी गांव की तरफ जा रहा था। शाम करीब 6:15 बजे लकोड़ा गणेश मंदिर के पास आरोपियों ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि कल्पेश ने बंशीलाल पर लाठी से वार किया, जबकि नरेंद्र उर्फ मोदी ने उसकी पीठ पर चाकू से हमला कर दिया। इससे बंशीलाल नीचे गिर पड़ा और खून बहने लगा। अन्य आरोपियों ने भी लात-घूंसों से मारपीट की। राजेश के अनुसार वह अपनी जान बचाकर वहां से भागा। हमलावर उसके भाई को मृत समझकर मौके से चले गए। सूचना पर परिजन पहुंचे और बंशीलाल को खेरवाड़ा सरकारी अस्पताल ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद उसे डूंगरपुर अस्पताल रेफर किया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने नरेंद्र उर्फ मोदी निवासी सरेड़ी, कल्पेश और पंकज निवासी लकोड़ा तथा अंकित निवासी खेतियाला जुतरी सहित अन्य के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज किया है। थानाधिकारी मनमंथ आढ़ा मामले की जांच कर रहे हैं।

सड़क हादसे में पिता-पुत्री की मौत, बाइक की टक्कर से गई जान

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार पिता और उसकी मासूम बेटी की मौत हो गई। हादसे में दोनों की मौके पर ही जान चली गई। मामले में मृतक के पिता ने मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार गुजरात के खेरोज थाना क्षेत्र के कोटड़ा गढ़ी निवासी शंभुभाई (56) ने बताया कि 9 नवंबर को सुबह करीब 10 बजे एक मोटरसाइकिल चालक ने गफलत और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनके बेटे गोविंदभाई की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में गोविंदभाई और उनकी बेटी बेबी कुमारी की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल मोटरसाइकिल नंबर जीजे 09 ईडी 2258 के चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 106(1) और 125(ए) के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच दिनेश कुमार सहायक उपनिरीक्षक कर रहे हैं।

कार से टक्कर मारकर जानलेवा हमला करने का आरोप

उदयपुर। टांक गायरी बस्ती में रास्ते जा रहे एक व्यक्ति को कार से टक्कर मारकर घायल करने का मामला सामने आया है। पीड़ित लच्छीराम गायरी (53) ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि 9 नवंबर शाम करीब 4:30 बजे वह जा रहा था। इसी दौरान वक्तावर नाथ चौहान निवासी टांक गायरी बस्ती ने कथित तौर पर अपनी कार से जानबूझकर उसे टक्कर मार दी। इससे उसे चोटें आईं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 109(1) में मामला दर्ज किया है। जांच मुकेश कुमार टांक कर रहे हैं।

दुकान में आग लगाने का मामला दर्ज, सामान जलने से नुकसान

उदयपुर। प्रतापनगर थाना क्षेत्र की अरिहंत कॉलोनी, पुरोहितों की मादड़ी में एक दुकान में आग लगाने का मामला सामने आया है। दुकान मालिक एडवोकेट चिमन सिंह राठौड़ (36) ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि 10 नवंबर की रात करीब 11:30 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी दुकान में आग लगा दी। आग से दुकान के अंदर रखा सामान जल गया और उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 326(एफ) में मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

प्रिया पार्क रिसोर्ट में खड़ी बाइक ले उड़े चोर, सुखेर थाने में मामला दर्ज

उदयपुर। सुखेर थाना क्षेत्र स्थित प्रिया पार्क रिसोर्ट से मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। झाड़ोल थाना क्षेत्र के देवल माता घाटी कथारिया निवासी रमेशचंद्र मीणा (29) ने रिपोर्ट में बताया कि 3 नवंबर की रात करीब 10:30 बजे के आसपास उनकी मोटरसाइकिल रिसोर्ट परिसर से अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गया। काफी तलाश के बावजूद बाइक का पता नहीं चला। पुलिस ने बीएनएस की धारा 303(2) के तहत चोरी का मामला दर्ज किया है। जांच सहायक उपनिरीक्षक हरीश कुमार कर रहे हैं।

रास्ते में मारपीट कर युवक को घायल किया

उदयपुर। गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र के चांदनी गांव में एक व्यक्ति के साथ मारपीट का मामला दर्ज हुआ है। चांदनी निवासी लालाराम मीणा (30) ने रिपोर्ट में बताया कि 10 नवंबर शाम करीब चार बजे चतरा मीणा ने उसके साथ मारपीट कर चोटें पहुंचाईं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2) और 126(2) में मामला दर्ज किया है। मामले की जांच हेड कांस्टेबल भगवतीलाल कर रहे हैं।

सायरा क्षेत्र में मारपीट के दो मामले दर्ज

उदयपुर। सायरा थाना क्षेत्र में मारपीट की दो अलग-अलग घटनाओं को लेकर पुलिस ने मामले दर्ज किए हैं। पहले मामले में सुआवती का गुड़ा निवासी लेरा कुंवर (60) ने रिपोर्ट में इंद्र सिंह और उसकी पत्नी हकली कुंवर पर उसके पक्ष के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। घटना 10 नवंबर की रात करीब नौ बजे की बताई गई है। दूसरे मामले में पालीदाणा निवासी मंसाराम गमेती (55) ने बागुणी निवासी जोगाराम और उसके बेटे पप्पूराम पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। दोनों मामलों की जांच सहायक उपनिरीक्षक भंवरसिंह कर रहे हैं।

पत्नी बिना बताए घर से निकली, गुमशुदगी की रिपोर्ट

उदयपुर। प्रतापनगर थाना क्षेत्र के बेडवास इलाके में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के बिना बताए घर से चले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार महिला 9 नवंबर को घर से कहीं चली गई। इसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। पुलिस ने गुमशुदगी के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू की है। मामले की जांच हेड कांस्टेबल हरिकिशन कर रहे हैं।

युवक के खाते से यूपीआई के जरिए 1.50 लाख रुपए पार

उदयपुर। साइबर ठगी का मामला सामने आया है। गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र के खजुरी निवासी जगदीश मीणा (20) के बैंक खाते से अज्ञात व्यक्ति ने यूपीआई के जरिए 1 लाख 50 हजार 287 रुपए दूसरे खाते में ट्रांसफर कर लिए। मामले में जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त लिखित सूचना के आधार पर पुलिस ने आईटी एक्ट की धारा 66(डी) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि रकम किस खाते में और किन माध्यमों से ट्रांसफर की गई।

मकान पर कब्जे के लिए सुपारी देकर कराई वारदात, 36 घंटे में तीन बदमाश गिरफ्तार

दो देशी कट्टे और कारतूस बरामद, पुलिस को देखकर भागे तो गड्ढे में गिरे, तीनों के पैर टूटे

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। अम्बामाता थाना क्षेत्र में दो मकानों के बाहर फायरिंग कर दहशत फैलाने के मामले का पुलिस ने 36 घंटे से भी कम समय में खुलासा कर दिया। पुलिस ने तीन आरोपियों को नाथद्वारा के कोठारिया से गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से दो अवैध देशी कट्टे और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस को देखकर जंगल की ओर भागने के प्रयास में तीनों आरोपी गहरे गड्ढे में गिर गए, जिससे उनके पैरों में फ्रैक्चर हो गया। पुलिस ने उन्हें उपचार के लिए एमबी अस्पताल में भर्ती कराया है। कार्रवाई के दौरान पुलिसकर्मियों को भी हल्की चोटें आईं। पुलिस के अनुसार 10 नवंबर की रात करीब 8:30 बजे स्कूटी सवार आदिल खान उर्फ कालिया और उसके दो साथियों ने पहले 80 फीट रोड अम्बामाता निवासी ईरशाद खां उर्फ अली बाबा के घर पर फायरिंग की। इसके बाद सज्जन नगर निवासी अब्दुल शकूर शेख के घर के बाहर गोलियां चलाईं। इसमें अब्दुल शकूर के हाथ-पैर में चोटें आईं। दोनों पीड़ितों की रिपोर्ट पर अम्बामाता थाने में मामला दर्ज किया गया।

मकान कब्जाने के लिए सुपारी का आरोप

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि एक प्रॉपर्टी डीलर ने कथित तौर पर प्रार्थी के मकान पर जबरन कब्जा कर रखा है। मकान हथियाने और पीड़ितों को डराने के लिए प्रॉपर्टी डीलर ने दानिश उर्फ टिडा को अवैध हथियार और रुपयों का लालच देकर फायरिंग करवाई थी। पुलिस इस साजिश में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है।



सीसीटीवी और साइबर सेल से मिला सुराग

एसपी डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर उदयपुर रेंज में ए-श्रेणी की नाकाबंदी कराई गई। एएसपी शहर उमेश ओझा और वृत्ताधिकारी नगर पश्चिम राजेश यादव के सुपरविजन में अम्बामाता थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह चारण, बड़गांव थानाधिकारी हितेश यादव तथा डीएसटी प्रभारी भरत योगी के नेतृत्व में टीमें गठित की गईं। सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर तंत्र और साइबर सेल की मदद से आरोपियों की लोकेशन नाथद्वारा के कोठारिया में मिली। पुलिस ने दबिश देकर तीनों को पकड़ लिया।

तीनों पर पहले से दर्ज हैं चार-चार मामले

गिरफ्तार आरोपियों में आदिल खान उर्फ कालिया (21) निवासी सज्जन नगर, ईशान अली (20) निवासी पानी की टंकी के पास सज्जन नगर और दानिश उर्फ टिडा (21) निवासी ओड़ बस्ती, मस्तान बाबा के पास शामिल हैं। पुलिस के अनुसार आदिल और दानिश के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं, जबकि ईशान के खिलाफ हत्या के प्रयास और अवैध हथियारों से जुड़े मामले दर्ज हैं। तीनों के खिलाफ पूर्व में चार-चार प्रकरण दर्ज बताए गए हैं। मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

15 पुलिसकर्मियों की टीम ने संभाली कार्रवाई


अम्बामाता थाने की टीम में राजेन्द्र सिंह चारण, अमजद खान, रणजीत सिंह, प्रहलाद पाटीदार, लालसिंह, नन्दकिशोर, प्रकाश विश्नोई, राजेन्द्र सिंह, ब्रजकुमार, फिरोज खान, लालचंद, सुनील, राजकमल और धर्मपाल शामिल रहे। डीएसटी टीम में प्रभारी भरत योगी के साथ योगेश कुमार, अखिलेश्वर, विक्रम सिंह, भंवरलाल, हरेन्द्र सिंह, कयूम खान, पवन कुमार, सुमित, सुमेर और जितेन्द्र ने कार्रवाई में भूमिका निभाई। एसपी डॉ. अमृता दुहन ने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध हथियारों का प्रदर्शन, फायरिंग और गुंडागर्दी करने वालों के साथ अपराधियों को संरक्षण देने वालों पर भी सख्त कार्रवाई होगी।

50 तोला सोने के जेवर और 52 हजार रुपए चोरी, दराज में रखी चाबी से अलमारी खोलने का अंदेशा; घर का सामान जस का तस मिला

24 न्यूज अपडेट

जोधपुर। शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में शातिर चोरों ने एक बिजनेसमैन के घर से करीब 65 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चुरा ली। हैरानी की बात यह है कि चोरों ने न तो अलमारी का लॉक तोड़ा और न ही घर का सामान बिखेरा। अलमारी की दराज में रखे जेवरात गायब मिले, जबकि चाबी भी सुरक्षित मिली है। वारदात अरिहंत नगर में गुरों का तालाब रोड स्थित मकान में हुई। पीड़ित राजेंद्र पुंगलिया (58) पुत्र जगदीश लाल ने पुलिस को बताया कि अलमारी में बेटी और बहू के सोने-चांदी के गहने रखे थे। बुधवार सुबह वह मॉर्निंग वॉक पर गए थे। करीब साढ़े आठ बजे पत्नी का फोन आया और तत्काल घर पहुंचने को कहा। घर पहुंचने पर पत्नी ने अलमारी से जेवरात और नकदी गायब होने की जानकारी दी। परिवार ने पूरे घर में तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला।

13 अंगूठियां और डायमंड-पोलकी सेट भी ले गए



रिपोर्ट के अनुसार चोर करीब 10 तोला सोने के कंगन, 8 तोला मोती सेट, 4 तोला डायमंड सेट, 3 तोला पोलकी सेट, 13 अंगूठियां, डेढ़ तोला स्टोन सेट और 8 तोला ब्रेसलेट ले गए। इसके अलावा अलमारी में रखे एक लाख रुपए में से 52 हजार रुपए भी गायब मिले। चोरी गए आभूषणों की कीमत करीब 65 लाख रुपए बताई गई है। पीड़ित के अनुसार मंगलवार को परिवार शाम 3:30 से 7:30 बजे तक खरीदारी के लिए बाहर गया था। इसके बाद रात 8:30 से 9:40 बजे तक मंदिर दर्शन करने गया। इस दौरान घर खाली था। ऐसे में परिवार को आशंका है कि चोरों ने इसी अवधि में वारदात को अंजाम दिया। बेटे-बहू और दोनों पोतियां कुंभलगढ़ घूमने गए हुए थे और बुधवार दोपहर लौटे थे।

दो दिन में सोना 2950 और चांदी 4650 रुपए सस्ती, सर्राफा बाजार में नरमी

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सर्राफा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट का दौर जारी है। उदयपुर सर्राफा एसोसिएशन के व्यवसायी इंद्रसिंह मेहता के अनुसार 11 और 12 नवंबर के भावों की तुलना में सोना स्टैंडर्ड (999) दो दिन में 2,950 रुपए प्रति 10 ग्राम सस्ता हुआ है। वहीं, चांदी टंच के भाव में 4,650 रुपए प्रति किलोग्राम की गिरावट दर्ज की गई। 12 नवंबर को सोना स्टैंडर्ड का भाव 1,37,850 रुपए प्रति 10 ग्राम रहा, जबकि 11 नवंबर को यह 1,40,800 रुपए था। इसी तरह 23 कैरेट जेवराती सोना 1,35,170 रुपए से घटकर 1,32,335 रुपए और 22 कैरेट सोना 1,29,535 रुपए से घटकर 1,26,820 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। चांदी टंच के भाव 1,84,550 रुपए से घटकर 1,79,900 रुपए प्रति किलो पर आ गए। चांदी चौरसा में भी 4,600 रुपए की गिरावट आई। इसके भाव 1,83,500 रुपए से घटकर 1,78,900 रुपए प्रति किलो रह गए। मेहता के अनुसार 12 नवंबर को उदयपुर में सोना स्टैंडर्ड 1,37,850 रुपए, जेवराती सोना 1,32,335 रुपए और 22 कैरेट सोना 1,26,820 रुपए प्रति 10 ग्राम रहा। चांदी टंच 1,79,900 रुपए और चांदी चौरसा 1,78,900 रुपए प्रति किलो रही। सभी भावों पर 3 प्रतिशत जीएसटी अतिरिक्त देय होगा।

पोलिंग बूथ और पुलिस टीम पर पथराव करने वाले 8 आरोपी गिरफ्तार

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। कोटड़ा थाना क्षेत्र के मंडवाल में सरपंच चुनाव की मतगणना के बाद हुए पथराव और सरकारी संपत्ति में तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फरार चल रहे आठ नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को अवकाशकालीन न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार मंडवाल स्थित पोलिंग बूथ पर सरपंच चुनाव की मतगणना के बाद विजयी घोषित सरपंच का कुछ लोगों ने विरोध किया था। इस दौरान उपद्रवियों ने पोलिंग बूथ, पुलिस मोबाइल पार्टी और पोलिंग पार्टी की बस पर पथराव कर दिया। घटना में राजकार्य में बाधा डालने और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में कोटड़ा थाने में प्रकरण संख्या 170/ 2026 बीएनएस की विभिन्न धाराओं और पीडीपीपी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था।

लगातार दबिश देकर पकड़े आरोपी एसपी डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में एएसपी मुख्यालय मुकुल शर्मा और सीओ कोटड़ा डूंगरसिंह चुंडावत के सुपरविजन में थानाधिकारी प्रभूलाल के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस ने अलग-अलग संभावित ठिकानों पर दबिश देकर आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया। मामले में शामिल अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

ये आठ आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने मंडवाल निवासी कनकमल (20), नोलिया (65), सोहनलाल (40), प्रवीण कुमार (27), भमरु (42), मालाराम (53) और राकेश (22) तथा गुर्रा निवासी नुराराम (32) को गिरफ्तार किया है।

कार्रवाई करने वाली टीम

टीम में थानाधिकारी प्रभूलाल, सहायक उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार, कांस्टेबल शंभुलाल, उत्पल, शिवसिंह और गजराजसिंह शामिल थे।

गोवर्धन बाबा की सात परिक्रमा कर लगाए जयकारे, दीपावली मिलन में दिखा ब्रज संस्कृति का रंग



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। अग्र बृज रज परिवार की ओर से दीपावली मिलन एवं सामूहिक गोवर्धन पूजा का आयोजन गणपति वाटिका में उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। उदयपुर में रह रहे भरतपुर संभाग के अग्रवाल परिवारों ने आयोजन में भाग लेकर ब्रज संस्कृति और परंपराओं के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। संस्थापक रविन्द्र अग्रवाल ने बताया कि प्रधान सीपी बंसल के नेतृत्व में संयोजक राजेश गर्ग, विजय गुप्ता एवं सतीश आर्य ने परिवार की महिलाओं के सहयोग से गोबर से आकर्षक गोवर्धन बाबा की प्रतिमा तैयार करवाई। इसमें अमिता गोयल, अल्पना, अलका और सुधा सहित परिवार की अन्य महिलाओं ने सहयोग किया। महिलाओं ने बाबा की प्रतिमा को रंगों और फूलों से आकर्षक रूप में सजाया। गोवर्धन पर्वत की सात कोस परिक्रमा के प्रतीक स्वरूप श्रद्धालुओं ने सात परिक्रमाएं लगाईं। इस दौरान 'पूंछरी के लौठा', 'राधाकुंड', 'मानसी गंगा' और 'गिरिराज महाराज' के जयकारों से परिसर गूंज उठा। पूजा, परिक्रमा और बाबा की आरती के लिए श्रद्धालुओं में खासा उत्साह रहा। आतिशबाजी ने आयोजन की रौनक बढ़ाई। अंत में सभी ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। सामूहिक भोजन के साथ देर रात कार्यक्रम का समापन हुआ।

नशे में हैवान बना पिता, 2 साल के बेटे को जमीन पर पटककर मार डाला, गुजरात भागने से पहले गिरफ्तार

24 न्यूज अपडेट



बांसवाड़ा। शराब का नशा एक पिता को इस कदर हैवान बना गया कि उसने अपने ही दो साल के मासूम बेटे को जमीन पर पटककर मार डाला। घर में पत्नी और बच्चों से विवाद के दौरान आरोपी ने छोटे बेटे को उठाकर जोर से जमीन पर पटक दिया। गंभीर चोट लगने से मासूम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बड़ा बेटा भी घायल हो गया। वारदात के बाद आरोपी जंगल और पहाड़ी इलाकों में छिपता रहा। पुलिस ने उसे फलवा बस स्टैंड से उस समय गिरफ्तार किया, जब वह गुजरात भागने के लिए बस का इंतजार कर रहा था।

नशे में घर पहुंचकर पत्नी-बच्चों से मारपीट

मामला आनंदपुरी थाना क्षेत्र के जुनी टिम्बी गांव का है। पुलिस के अनुसार 9 नवंबर की रात करीब 10 बजे खेमराज पुत्र धुलिया पारगी (25) शराब के नशे में घर पहुंचा। इसके बाद पत्नी सुनीता और बच्चों के साथ विवाद करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पत्नी की रिपोर्ट के अनुसार आरोपी ने तीन साल के बेटे वसन और दो साल के बेटे ईलेश के साथ मारपीट की। इसी दौरान उसने ईलेश को उठाकर जमीन पर पटक दिया। गंभीर चोटों से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बड़े बेटे वसन को भी चोटें आईं।

जंगल में छिपा, गुजरात भागने की थी तैयारी

वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया और जंगल-पहाड़ियों में छिपकर घूमता रहा। मासूम की मां की रिपोर्ट पर आनंदपुरी थाने में हत्या का मामला दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। थानाधिकारी कपिल पाटीदार के नेतृत्व में पुलिस ने तलाश शुरू की। एसआई शिशुपाल सिंह और टीम ने आरोपी को फलवा बस स्टैंड के पास पकड़ लिया। वह बस का इंतजार कर रहा था और गुजरात भागने की फिराक में था। पुलिस के अनुसार पूछताछ में उसने वारदात करना स्वीकार किया। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में बीएनएस की संबंधित धाराओं में कार्रवाई की गई है।

आयड़ जैन तीर्थ में भक्ति और तप आराधना का संगम, पंचाधिका महोत्सव में पाटला पूजन संपन्न



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 12 नवंबर। आयड़ स्थित तपागच्छ की उद्गम स्थली जैन तीर्थ में चातुर्मास के अंतर्गत आयोजित पंचाधिका महोत्सव में गुरुवार को विभिन्न पाटला पूजन विधि-विधान और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुए। आचार्य मुक्तिसागरसूरि एवं गच्छाधिपति आचार्य अंचलमुक्तसागरसूरि की निश्रा तथा पूर्णकांताश्रीजी एवं दौलतलताश्रीजी महाराज के मार्गदर्शन में चल रहे इस महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने भाग लिया। तण्वरूचिश्रीजी महाराज की वर्तमान तप की 48वीं ओली के पावन निमित्त पर आयोजित महोत्सव में सुबह नवधान्य पाटला पूजन का लाभ इन्द्रसिंह एवं शांतिदेवी नाहर परिवार ने लिया। दिक्पाल पाटला पूजन का लाभ साध्वी तण्वरूचिश्रीजी महाराज के सांसारिक परिवार स्वर्गीय चोथमल धारीवाल परिवार ने लिया, जबकि अष्टमंगल पाटला पूजन श्रीसंघ की ओर से किया गया। महासभा महामंत्री कुलदीप नाहर ने बताया कि चातुर्मास के दौरान आचार्य अंचलमुक्तसागरसूरिजी की आयंबिल की 54वीं ओली के साथ चौथी और पांचवीं पीठिका निर्विघ्न संपन्न हुई। वहीं मुनि मनमुक्तिसागरजी महाराज की 49वीं ओली तथा विशारदरेखाश्रीजी, नमनरेखाश्रीजी और आशास्पृचिश्रीजी महाराज की सम्मेतशिखर तप साधना सहित आयड़ संघ में हुई विभिन्न सिद्धि आराधनाओं और तप साधनाओं के अनुमोदनार्थ पंचाधिका महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव के तहत शुक्रवार, 13 नवंबर को लघु रयतिस्नान पूजन होगा। आयोजन में भूपाल सिंह परमार, भूपाल सिंह नाहर, कुलदीप नाहर, चंद्र सिंह, अशोक जैन, राजेंद्र जावरिया सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा।